




उत्पत्ति 10:25, 11:10-25


तेराह तीन पुत्रों का पिता बना -- अब्राम, नाहोर और हारान।
अब्राम ने सारै, जो उसकी आधी बहन थी, उसे अपनी पत्नी बनाया।
उसके उपरांत, तेराह ने अपने पुत्र अब्राम और अपनी बहु (अब्राम की पत्नी) सारै को साथ लेकर मसोपोटामिया के उर नाम के सम्पन्न नगर में जाने की तैयारी की।
उसने अपने साथ अपने पोते लूत को लिया, लूत का पिता हारान था और जो मर चूका था।
तेराह और उसका परिवार ने उत्तर-पश्चिम में फरात नदी से हारान की यात्रा की।
वहाँ से कनान के लिए यात्रा करने में आसानी होगी नहीं तो उन्हें सारे पशुधन और सम्पति के साथ बड़े मरुभूमि को पार करना पड़ता।

उत्पति 11:26-32


उसके पिता के हारान में मृत्यु के बाद, परमेश्वर ने अब्राम से बात की और उसके साथ एक वाचा बाँधा, एक समझौता किया।
अपने देश, अपनी जन्म-भूमि, और अपने पिता के घर को छोड़कर -- उस देश में चला जा जो मैं तुझे दिखाऊँगा।
मैं तुझ से एक बड़ी जाति बनाऊँगा और तुझे आशीष दूँगा।
तेरा नाम महान करूँगा और तू आशीष का मूल होगा।
परमेश्वर अब्राम और उसके वंशजों के लिए एक अविश्वसनीय वादा करता है...
जो तुझे आशीर्वाद देंगा उन्हें मैं आशीष दूँगा; और जो तुझे कोसेगा उसे मैं श्राप दूँगा...
...भूमंडल के सारे कुल तेरे दवारा आशीष पाएँगे।
हमें अपने शिविर को दूर ले जाना चाहिए -- बहुत दूर।
लेकिन चाचा, हमारे पास पहले के मुकाबले अधिक पशुधन है -- और ये और भी बढ़ रहे है!
मुझे ज्ञात है, हमारे सर्वोच्च परमेश्वर ने हमें आशीष दिया है।
परन्तु परमेश्वर ने स्पष्ट रूप से मुझसे बात की है कि हमें आगे जाना चाहिए।
सर्वोच्च परमेश्वर ने मुझसे बात की है कि वह... वह मेरे माध्यम से पृथ्वी के लोगों को आशीर्वाद देगा।
परमेश्वर ने कहा है -- वह निश्चित रूप से हमें रास्ता दिखाएगा।


उत्पति 12: 1-3


परमेश्वर के आदेश के अनुसार, अब्राम ने हारान को छोड़ दिया।


वे वहाँ से कनान देश गए।


जब उसने मोरे के बड़े पेड़ के निकट छावनी लगाई तब उसने परमेश्वर की आवाज़ उससे बात करते सुनी।
जिस भूमि पर तुम खड़े हो वो भूमि -- मैं तेरे वंशजों को दूँगा।
मेरे वंशज?
यह वही स्थान है जहाँ मैंने परमेश्वर की आवाज़ सुनी है और यहाँ पर मैं परमेश्वर की वेदी बनाऊँगा।

उत्पति 12:4-9


मेरे चाचा -- यहाँ पर्याप्त भोजन नहीं है - मुझे नहीं लगता कि हम यहाँ रह सकते है।
परमेश्वर ने मुझे यह भूमि देने का वादा किया है लेकिन हमे अपने पशुओं और परिवार को भोजन भी देना है।
जब तक अकाल समाप्त नहीं हो जाता तब तक हम मिस्र में चले जाएँगे और फिर हम नेगव में वापस आ सकते है।
मैंने सुना है कि ये लोग परमेश्वर को नहीं मानते है -- वे सच्चे परमेश्वर की आराधना नहीं करते है। वे अपनी बड़ी नदी के देवताओं की पूजा करते है।
हाँ, तुम सही कह रहे हो -- और मुझे अपने जीवन की चिंता है।
तुम्हारा क्या मतलब हैं?
जब मिस्र के लोग देखेंगे की तू कितनी सुन्दर है तब मेरा जीवन उनके किसी काम का नहीं होगा। वे देखेंगे कि तू मेरी पत्नी है और तुझे पाने के लिए वे मुझे मार डालेंगे।
एक काम करो... तू कहना की तू मेरी बहन है ताकि मैं अच्छे से रह सकू।
उनके पास बहुत सम्पति है।
हाँ, और बहुत सुन्दरता भी...
इस कारवाँ में महिला सुंदर थी - इसकी सुन्दरता का वर्णन करना कठिन है।
हाँ, नील की किसी भी महिला की तुलना में अधिक सुंदर।
यदि वह वास्तव में तेरे कहे अनुसार सुन्दर है तो यह बताने के लिए तुझे पुरस्कृत किया जाएगा -- और मैं इस महिला को यहीं रख लूँगा।



तू वास्तव में हमारी भूमि में रह सकता है। यह सब तेरे लिए है लेकिन इस महिला को -- मेरे लिए मेरे महल में रहना पड़ेगा।
वह मेरी बहन है; जैसा भी तुम कहोगे वह करेगी।
अब्राम जब वहाँ था, उसने बड़ी संख्या में भेड़, मवेशी, गधे और ऊँट, साथ ही बहुत सारे दास और दासी भी हासिल किया।
लेकिन परमेश्वर प्रसन्न नहीं थे... क्योंकि वह महिला जो एक महान राष्ट्र की माँ बनेगी, अभी एक दूसरे व्यक्ति की संपत्ति के रूप में थी।
रोग हमें परेशान करता है और एकदम से हमारे पर आया है -- यह आदमी अब्राम, अपरिचित देवताओं को हमारे देश में लाया है -- शायद ये हमारा नाश कर देंगे।

उत्पति 12:16-17














उत्पति 12:18-13:4




अपने झुंड को वापस लें। वे हमारे बाद जल पी सकते है और चरने जा सकते है!
और क्या तुम्हारा झुंड हमारे से बेहतर है? लूत के जानवरों को भी उतना ही मिलना चाहिए जितना अब्राम के।
हमारा स्वामी अब्राम मालिक है और बड़ा है और उसके झुंड हमेशा पहले जाते है। चले जाओ यहाँ से!
चाचा, हमारे चरवाहे लड़ते है। तेरा झुंड बहुत बड़ा है -- और अब मेरे भी बहुत है। यह भूमि दोनों का भरण-पोषण में समर्थ नहीं है -- मुझे अलग जाना चाहिए।
मैं हमारे बीच में कोई विवाद नहीं देखना चाहता -- हम रिश्तेदार है। और न ही मैं तेरे चरवाहे और मेरे चरवाहे के बीच कोई झगड़ा नहीं देखना चाहता... मेरे साथ आओ।
हम अलग हो जाते है। पूरी भूमि तेरे सामने है।
तेरे पास किसी भी भूमि को चुनने का पहला विकल्प है। अगर तू दाहिने जाएगा तो मैं बाएं जाऊँगा। अगर तू बाएं जाएगा तो मैं दाहिने जाऊँगा।
यही है। मैं यरदन नदी के समीप जल वाली भूमि को चुनता हूँ। मैं वहाँ जाऊँगा और वहाँ अपना घर बनाऊँगा -- सदोम और गमोरा के पास।
मेरे भतीजे, मैं तेरे निर्णय का सम्मान करता हूँ। मैं वहाँ से दूर अपने तंबू को ले जाऊँगा -- मेम्रे के बड़े वृक्षों के पास।
हमारे दोनों समूहों के बीच शांति होगी।


उपजाऊ भूमि के कारण समूहों के बीच लगातार युद्ध होता रहा। नगर के राजाओं ने शक्तिशाली और धनी बनने की होड़ में एक-दुसरे पर आक्रमण किया।
एक युद्ध में सदोम और गमोरा के नगरों के मूल्यवान वस्तुओं और खाद्य सामग्री को जब्त कर लिया। जब्त करे जाने वालों में लूत और उसके परिवार में रहने वाले लोग भी शामिल थे।
स्वामी देखो, हमारे पास लूत के चरवाहों में से एक आ रहा है।
मुझे उम्मीद है कि मेरे भतीजे के साथ सब ठीक है -- देखते है उसे क्या चाहिए।
एक युद्ध हुआ था। पाँच राजाओ के विरुद्ध चार राजाओं का। कई लोग सिद्दीम की घाटी में गिर गए। अब लूत और उसके साथ के सब कैदी है।
इसे कुछ पीने के लिए दो -- ताकि वह हमें रास्ता दिखा सके।
अब हमारे सभी लड़ाकू आदमियों को इकट्ठा करो - गिनने पर वे 318 निकले। एमोरी मम्रे, एशकोल और आनेर मेरे संग वाचा से बाँधे हुए है, उनके पास जाओ और हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करो।
आओ हम अपने भतीजे और उसके परिवार को बचाने के लिए कूच करते है।
जैसा तू कहे, हमारा स्वामी अब्राम।


पुरुषों में से एक समाचार लेकर वापस आया कि सभी राजा शावे की घाटी में रात बिताने के लिए रुके है। लूत और उसके परिवार को निश्चित रूप से अभी भी उनके साथ ही होना चाहिए।
अच्छा, राजा की घाटी। हम अपने पुरुषों को अलग-अलग दल में बाँटकर आगे बढ़ेंगे -- अँधकार और एकदम से हमला करना हमारा अतिरिक्त हथियार होंगे।
ईइयाहहह
चाचा - तुम हमारे लिए आए हो!
यह मलिकिसिदक है--शालेम का राजा। और उसके साथ सदोम के राजा भी है।

उत्पति 14:15-17


मेरे पीछे मेरे लोग तेरे इस महान जीत के बाद तुझे जलपान कराने के लिए रोटी और दाखरस लाते है।
लेकिन मैं तेरे लिए और कुछ भी लाता हूँ... सर्वोच्य परमेश्वर से आशीर्वाद।
अब्राम, सबसे महान परमेश्वर तुम्हें आशीष दे। जिस परमेश्वर ने पृथ्वी और आकाश बनाया। धन्य हैं परमप्रधान परमेश्वर, जिसने तेरे शत्रुओं को हराने में तेरी सहायता की है।
और तुम्हारे लिए, मलकीसदेक, सर्वोच्य परमेश्वर के याजक, मैं सब कुछ का दसवां अंश दूँगा। मुझे यह महान जीत देने के लिए परमेश्वर को आदर देता हूँ।
अब्राम, मेरे लोगों को मुझे दे दे लेकिन अपनी जीत के गौरव के रूप में अपने लिए सभी सामान को रख।
मैं यह नहीं करूँगा--मैंने अपने परमेश्वर की शपत ली है।
मैं तेरे से कुछ भी स्वीकार नहीं करूँगा, यहाँ तक कि एक धागा व जूते का तस्मा भी नहीं लूँगा। ताकि तू कभी न कह सकें, 'मैंने अब्राम को धनी बनाया।'
लोगों ने लड़ाई में मेरी मदद की थी--आनेर, एशकोल, और मम्रे -- उन्हें युद्ध से उनका हिस्सा दें।
और जहाँ तक मेरा सवाल है -- मैं तेरे से कुछ भी नहीं लूँगा।


अब्राम, मत डर। मैं तेरी रक्षा करूँगा और मैं तुझे एक बड़ा पुरस्कार दूँगा।
प्रभु यहोवा, तू मुझे क्या दे सकता है, मैं और सारै संतानहीन है।
तूने मेरे लिया निसंतान रहना ही चुना है इसलिए मेरा सेवक मेरा वारिस बनेगा।
बाहर आओ
तेरा सेवक तेरा वारिस नहीं होगा। तेरे अपने शरीर से जो पुत्र होगा वह तेरा वारिस होगा।
आकाश में देख और सब सितारों को गिन -- अगर तेरे लिए संभव है तो।
इन सितारों के सामान तेरी संतान होगी।
अब्राम ने परमेश्वर पर विश्वास किया और परमेश्वर ने उसके लेखे में धार्मिकता गिना।
प्रभु परमेश्वर, मैं कैसे जानूँगा कि मैं इसका अधिकारी हूँगा?
मेरे लिये तीन वर्ष की एक बछिया, तीन वर्ष की एक बकरी, तीन वर्ष का एक मेढ़ा, एक पिंडुक और एक कबूतर का बच्चा ला।

उत्पति 15:1-9


मेरे द्वारा चुने गए जानवरों को मेरे पास लाओ। मुझे उनको अपने परमेश्वर के लिए बलि देना है।
दूर हो जाओ!
निश्चित रूप से यह जान लें कि तेरे वंशज एक अजनबी देश में रहेंगे और 400 सालों तक दास बनेंगे और उनके साथ दुर्व्यवहार होगा।

उत्पति 15:10-13


लेकिन मैं उस देश को दंडित करूँगा जहाँ वे दास के रूप में कार्य करेंगे...
... और वे बहुत सारी संपत्ति के साथ वहाँ से बाहर आ जाएँगे।
हालांकि, तू बहुत लम्बी आयु तक जीवित रहेगा और शान्ति के साथ मरेगा।
चौथी पीढ़ी में, तेरे वंशज इसी प्रदेश में फिर आएंगे... क्योंकि एमोरियों के पाप अभी तक पूरी सीमा तक नहीं पहुँचे है।


मैं तेरे साथ एक वाचा बाँधाता हूँ।
मैं यह भूमि तेरे वंशज को दूँगा, मिस्र की नदी से बड़ी नदी और परात के बीच का प्रदेश उनको दूँगा और यहाँ रहने वालों की सारी भूमि दूँगा।

उत्पति 15:14-21



मुझे एक बच्चा चाहिए।
क्या मैं परमेश्वर हूँ और क्या मैं यह कर सकता हूँ? तू  जिस चीज़ की मांग कर रही है वह परमेश्वर के हाथों में है, मनुष्य के नहीं।
मुझे एक बच्चा चाहिए - लेकिन मेरे सेविका हागार के द्वारा। परमेश्वर ने मुझे निसंतान रखा है लेकिन यदि तू उसके साथ सोता है तो मैं उसके द्वारा एक परिवार बना सकती हूँ।
तू सच में यह चाहती है।
हाँ।

उत्पति 16:1-4


मेरे लिया भोजन ला।
मैं नहीं लाऊँगी, मुझे आराम करना है ताकि मैं तेरे पति को एक स्वस्थ बच्चा दे सकूँ।
बच्चे को पालन-पोषण करना मेरा काम होगा।
तू योग्य नहीं थी लेकिन मैं अपने स्वामी अब्राम को वह देने के योग्य हूँ जो वह हमेशा से वह पाना चाहता था।
मेरे साथ जो गलत हो रहा है उसका दोष तेरा है। तू मेरी सेविका के साथ सोया और जब वह गर्भवती है तब मेरे साथ दुर्व्यवहार करती है।
परमेश्वर हमारे बीच में न्याय करे।
मैंने केवल वही किया जो तूने मुझे करने के लिए कहा था।
लेकिन वह तेरे हाथों में है -- तू जो भी करना चाहती है, ठीक है।
हे आलसी सेविका - मेरे लिए भोजन तैयार कर जैसा मैंने तुझे आज सुबह बोला था --या मैं तुझे याद दिलाने के लिए एक चाबुक लाऊँ कि मैं तेरी स्वामिनी हूँ!
तू मेरे लिए एक बच्चे को जन्म देने से ज्यादा कुछ भी नहीं है, वह बच्चा भी मैं तेरे से जल्द ही दूर ले जाऊँगी और तू कभी बच्चे को नहीं ले पाएगी।

उत्पति 16:4-6


हागार, तेरी स्वामिनी सारै का सेविका, तू कहाँ से आई है और तू कहाँ जा रही है?
मैं अपने पर हो रहे अपनी स्वामिनी सारै द्वारा दुव्र्यवहार से भाग रही हूँ।
अपनी स्वामिनी के पास वापस जा और उसके आधीन रह।
मैं तेरे वंशजों को इतना बढ़ा दूँगा कि वे गिनती में बहुत अधिक होंगे।
तेरे गर्भ में जो बच्चा है उसका नाम इश्माएल होगा क्योंकि परमेश्वर ने तेरा दुःख का हाल सुन लिया है।
वह मनुष्य जंगली गधे के समान अनियंत्रित होगा। वह सभी का विरोध करेगा, और सभी उसका विरोध करेंगे। वह अपने सभी भाइयों से अलग रहेगा।
तू वह परमेश्वर है जो मुझे देखता है।
मैंने अब उसे देखा है जो मुझे देखता है।
बधाई हो, स्वामी अब्राम। तेरे पास अब एक पुत्र है।
इसका नाम इश्माएल होगा।


मैं सर्वशक्तिमान परमेश्वर हूँ; मेरी उपस्थिति में चल और बिना दोष के रह।
मैं तेरे साथ अपने वाचा की पुष्टि करूँगा और तेरी संख्या में बहुत वृद्धि करूँगा।
अब से तेरा नाम अब्राम न रहेगा परन्तु तेरा नाम अब्राहम होगा क्योंकि मैने तुझे अनेक जातियों का पिता बनाया है।
मैं तुझे अत्यन्त फलवन्त करूँगा; तुझको जातियों का मूल बना दूँगा और तेरे से राजा उत्पन्न होंगे।
मेरा अनन्त वाचा तेरे और तेरे वंशजों के साथ तेरे बाद भी रहेगा।
मैं तुझे और तेरे बाद तेरे वंशजों को कनान की सारी भूमि सदा के लिए दूँगा जहाँ तू इस समय परदेशी की तरह रहता है और मैं तेरा परमेश्वर रहूँगा।
यह तेरे और तेरे वंशजों के साथ मेरा वाचा है... तेरे में से प्रत्येक पुरुष का खतना होना चाहिए... चाहे वह तेरे घर में पैदा हुआ हो या तेरे द्वारा खरीदा गया हो।


उत्पत्ति 17: 1-14



उत्पत्ति 17: 15-27


हे प्रभु, यदि आप मुझसे प्रसन्न है तो थोड़ी देर के लिए यहाँ रहें और आराम करे और अपने पैरों को धोने की अनुमति दें।
अपने रास्ते पर जाने से पहले मुझे कुछ खाने के लिए लाने दें।
ठीक है, जैसा तू उचित समझता है वैसा ही कर।
जल्दी से -- उत्तम आटा लाओ और कुछ रोटी बनाओ।
एक अच्छा जानवर लें और उसे जल्दी तैयार कर।

उत्पत्ति 18: 1-7


तेरे पत्नी सारा कहाँ है?
वहाँ, तम्बू में।
अगले साल मैं निश्चित रूप से इस समय तेरे पास वापस आऊँगा और सारा का पुत्र होगा।
मेरा शरीर तो ढल चुका है और मेरा पति भी बहुत बूढ़ा हो गया है। क्या मुझे यह सौभाग्य मिलेगा?
तेरी पत्नी ने क्यों हंसते हुए कहा, "क्या मेरा वास्तव में एक बच्चा होगा?"
क्या परमेश्वर के लिए कुछ भी कठिन है?
मैं अगले वर्ष तय किए हुए समय पर वापस आऊँगा और सारा का पुत्र होगा।
मैं हँसी नहीं थी।
हाँ, तू हँसी थी।
हमें जाना होगा।
मुझे अपने साथ चलने दो। मैं देख सकता हूँ कि तुम सदोम की ओर देख रहे हो।

उत्पत्ति 18: 8-15




उत्पत्ति 18: 16-26




उत्पत्ति 18: 27-33


मेरे प्रभु, कृपया मेरे घर में आ और मुझे तुम लोग के पैर धोने दो। आप रात यहाँ बिता सकते है सुबह जल्दी अपने रास्ते पर जा सकते है।
नहीं, हम चौक ही में रात बिताएँगे।
नहीं, मैं आग्रह करता हूँ कि आप मेरे मेहमान बने।
हमारे पास अतिथि बहुत दूर से आए है। कृपया - तुरंत इनके लिए भोजन तैयार करो।
खट खट!!
हमने देखा कि वे लोग आज रात नगर में आए है - वे कहाँ हैं?
उन्हें बाहर लाओ ताकि हम उन्हें जान (कुकर्म कर) सकें!
हर-हर हर हाँ -- हम उनके लिए तैयार हैं!


नहीं मित्रों, ऐसी बुराई का काम मत करो।
सुनो, मेरी दो पुत्रियाँ है जो कभी किसी पुरुष के साथ नहीं सोई है।
मैं उनको तुन्हारे पास लाऊँगा और तुम लोग उनके साथ जो चाहो कर सकते हो।
इन पुरुषों को छोड़ दो; मैंने उन्हें अपनी घर में सुरक्षा दी है।
सुनो! यह व्यक्ति एक परदेशी बनकर यहाँ रहने के लिये आया था और अब न्यायी भी बन बैठा है।
अब हम उनसे भी अधिक तेरे साथ बुराई करेंगे!
आओ अब हम अन्दर जाते हैं!
मैं कुछ भी नहीं देख सकता -- लेकिन मुझे इन नए पुरुषों को ढूंढने दो।
मेरी दरवाजा खोजने में सहायता करो!
भूल जाओ -- मैं इन पुरुषों को जानने (कुकर्म करने) वाला पहला व्यक्ति बनना चाहता हूँ।

उत्पत्ति 19: 6-11




उत्पत्ति 1 9: 12-14


हम और अधिक समय नहीं रुक सकते है! सुबह होने वाली है।
जल्दी करो!
अपने जीवन के लिए भागो और वापस मत देखना। घाटी में कहीं भी नहीं रुकना। पहाड़ों में भाग जाओ नहीं तो तुम्हारा नाश हो जाएगा।
तुमने मेरे लिए बहुत दयालुता दिखाई है और मेरी जान बचाई है। लेकिन मैं भाग कर पहाड़ों में नहीं जा सकता। अगर मैं ऐसा करूँगा तो आपदा मुझ पर आएगी और मैं मारा जाऊँगा।
यहाँ पास में एक नगर है। मुझे वहाँ भागने दे और मेरा जीवन बच जाएगा।
बहुत अच्छा, हम तुम्हें ऐसा भी करने देंगे। -- लेकिन जल्दी से भाग जाओ क्योंकि जब तक तुम वहाँ नहीं पहुच जाते तब तक मैं कुछ भी नहीं कर सकता।
मेरी पत्नी और पुत्रियों जल्दी करो -- हम लगभग वहाँ पहुचने वाले हैं! स्वर्गदूतों ने हमें बताया कि हम परमेश्वर के न्याय से बच सकते है।




उत्पत्ति 19:24-25





उत्पत्ति 19:26-29





उत्पत्ति 19:30-38



इस बीच, अब्राहम दूसरे क्षेत्र में चला गया...
यह महिला बहुत सुंदर है।
हाँ, वह मेरी बहन है।
जब वह फिलिस्तीन की भूमि में था फिर से, परमेश्वर पर विश्वास रखने के बदले, अब्राहम ने धोखाधड़ी का सहारा लिया। वहाँ का राजा अबीमेलेक था।
तू जिस महिला को अपने घर में लाया है, तू उसके कारण मारा जाएँगा क्योंकि वह एक विवाहित महिला है।
तूने ये सब साफ़ मन से किया है लेकिन तू उसे वापस कर दे -- वह एक नबी की पत्नी है।
यदि तू ऐसा नहीं करेगा तो मैं तुझे मार दूँगा।
तूने ये मेरे साथ क्या किया है? मैंने क्या गलत किया था जो तूने मुझ पर ऐसा दोष डाला?
मैंने सोचा कि यहाँ परमेश्वर का डर नहीं है और तू मुझे मार देगा।
और वह मेरी बहन है -- मेरे पिता की पुत्री।
अब्राहम, मैं तुझे मवेशी, भेड़ और दास देता हूँ -- मेरी भूमि तेरे सामने है।
और तेरे लिए, तेरी पत्नी के लिए-- मैं इस अपराध के छुपाने के लिए तेरे भाई को हज़ार चाँदी के शेकेल दे रहा हूँ।
अब तू मेरे और मेरे घर के लिए प्रार्थना कर -- क्योंकि तेरे यहाँ आने के बाद से मेरे घर में कोई भी गर्भ धारण नहीं कर पा रहा है।



वाह!
और परमेश्वर ने वैसा ही किया जैसा उसने वादा किया था।
स्वामी, आपको पुत्र हुआ है।
इसका नाम इसहाक होगा -- वह हमारे लिए हर्ष लाएगा!
परमेश्वर ने मुझे हर्ष प्रदान किया है और हर कोई जो ये सुनेगा वह मेरे साथ हर्षित होगा!
कौन कह सकता था कि सारा इतनी बुढ़ापे में दूध पिलाएगी?
परमेश्वर ने वादा किया था... और हमें वह दिया है जिसका वादा उसने किया था।
किसने सोचा था कि यह संभव होगा ?
अब्राहम का परमेश्वर ही असली परमेश्वर है।

उत्पत्ति 21:1-7



लेकिन जैसे-जैसे वादे के अनुसार दिया हुआ पुत्र बढ़ने लगा -- छावनी में परेशानियाँ भी बढ़ने लगी।
पूरे दिल से खान-पान कर। मेरा पुत्र इसहाक, अब अपनी माँ पर निर्भर नहीं है और हमारे साथ खाना खाने का आनंद ले सकता है।
उसका पुत्र! मेरे पुत्र के बारे में क्या?
तू कैसा लड़का है? तू अभी तक दौड़ भी नहीं सकता और न ही शिकार कर सकता है। तू केवल अपनी माँ के साथ तम्बू के चारो ओर घुमने में ही अच्छा है।
तू उस दास महिला और उसके पुत्र से छुटकारा पाएगा! उनके पास हमारे पुत्र के साथ विरासत में कोई अधिकार या हिस्सा नहीं है।
लेकिन वह भी मेरा ही पुत्र है।
नहीं! वह हमारे पुत्र इसहाक के साथ कभी बटवारा नहीं करेगा।
इस मामले ने अब्राहम को बहुत परेशान कर दिया इसलिए उसने इस कठिन प्रश्न के उत्तर परमेश्वैर से पूछा।
इस मामले से परेशान मत हो -- लड़के और उसकी माँ दोनों का ख्याल रखा जाएगा।
इसहाक से ही तेरा वंश को माना जाएगा।
और मैं तेरी दासी के पुत्र को भी एक महान राष्ट्र बना दूँगा क्योंकि वह तेरी संतान है।

उत्पत्ति 21:8-13


अगली सुबह अब्राहम ने आवश्यकता की वस्तुओं के साथ हाजिरा और इस्माइल को भेज दिया।
लेकिन रेगिस्तान की यात्रा बहुत ज्यादा थी और उनका जल समाप्त हो गया।
अब्राहम के परमेश्वर, हम दोनों पर दया कर - मैं लड़के को मरते देखना सहन नही कर सकती।
डर मत, परमेश्वर ने तेरे पुत्र, जो वहाँ पर है, उसका रोना सुना है।
उसे हाथ से उठा क्योंकि मैं उसे एक महान राष्ट्र बनाऊँगा।
तब परमेश्वर ने उनकी आँखों के सामने कुआँ दिखाया जहाँ से उन्होंने मश्क में जल भरा।
बच्चे के बढ़ते समय परमेश्वर उसके साथ था और उसकी माँ उसके लिए पत्नी मिस्र से लाई।




उत्पत्ति 21:22-34


इसके बाद, परमेश्वर ने अब्राहम की आज्ञाकारिता का प्रमाण माँगा ।
अब्राहम!
मैं यहाँ हूँ प्रभु।
अपना एकमात्र पुत्र इसहाक को ले, जिसे तू प्रेम करता है और मोरिय्याह के क्षेत्र में जा।
वहाँ मैं चाहता हूँ कि तू उसका होमबलि के रूप में बलिदान दे, उन्ही पहाड़ों में से एक पर जा, जिसके बारे में मैं तुझे बताऊँगा।
अगली सुबह अब्राहम ने अपने गधे को ले लिया और उपने साथ अपने दो सेवकों और अपने पुत्र इसहाक को ले लिया।
अब्राहम होमबलि के लिए पर्याप्त लकड़ी इकड्ढा करने के बाद उस जगह के लिए निकल पड़ा जिसके बारे में परमेश्वर ने उसे कहा था।

उत्पत्ति 22:1-3


यात्रा के तीसरे दिन अब्राहम ने आँखें उठाकर उस स्थान को दूर से देखा।
तुम दोनों गधे के साथ यहीं रहो और लड़का और मैं वहाँ जाते है।
हम जाकर आराधना करेंगे - और फिर हम वापस आ जाएँगे।
अब्राहम ने अपने पुत्र इसहाक पर लकड़ी के बंडल रखा।
और अब्राहम ने आग और चाकू अपने पास रख लिया।
पिताजी?
हाँ, मेरे पुत्र?
हमारे पास आग और लकड़ी है -- परन्तु होमबलि के लिए मेमना कहाँ है?
परमेश्वर स्वयं होमबलि के लिए मेमना देगा, मेरे पुत्र।



अब्राहम ने एक वेदी बनाई...
अब्राहम ने वेदी पर लकड़ी डाल दी...
अब्राहम ने अपने पुत्र को बाँध दिया...
...फिर उसे वेदी पर रख दिया।

उत्पत्ति 22:9


...फिर अब्राहम ने अपने चाकू को अपने पुत्र को मारने के लिए उठा लिया -- प्रतिज्ञा का पुत्र।
उत्पत्ति 22:10




उत्पत्ति 22:11-14







उत्पत्ति 22:15-19